भास्कर Analysis • देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की सालाना सेंट्रल प्लेसमेंट रिपोर्ट

156 कंपनियों ने 1265 छात्रों को चुना, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग में 100% जॉब

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की सालाना सेंट्रल प्लेसमेंट रिपोर्ट में सर्विस सेक्टर की धूम रही। सर्वाधिक जॉब इस बार छात्रों को सर्विस सेक्टर से आए हैं। डीएवीवी के 20 से ज्यादा टीचिंग विभागों के 1265 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। बड़ी बात यह है कि पिछले साल की 98 कंपनियों की तुलना में इस बार डेढ़ गुना से ज्यादा 156 कंपनियों ने प्लेसमेंट में हिस्सा लिया। कुल 1744 जॉब ऑफर आए। यानी कई छात्रों को दो या तीन कंपनियों ने चुना। मैनेजमेंट में एवरेज पैकेज 5.65 लाख और इंजीनियरिंग में छह लाख रुपए रहा। अधिकतम 56 लाख का पैकेज आईईटी की छात्रा को मिला है। खास बात यह है कि इनमें ज्यादातर उस बैच के छात्र हैं, जिनके दोनों ही साल कोविड 19 के कारण प्रभावित रहे। उनकी चिंता प्लेसमेंट को लेकर ही सबसे ज्यादा थी। कुल 80 फीसदी प्लेसमेंट ऑनलाइन इंटरव्यू व प्रक्रिया से हुआ।

अहम बात यह रही कि आईआईपीएस, आईएमएस जैसे बड़े विभागों में मैनेजमेंट के सभी प्रमुख कोर्स तथा आईईटी के इंजीनियरिंग कोर्सेस में 100 फीसदी छात्रों को जॉब ऑफर हुई। हालांकि ओवर ऑल कुल 1600 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से 1265 को जॉब मिली है। कुलपति प्रो. रेणु जैन, रजिस्ट्रार अनिल शर्मा, प्रो. बीके त्रिपाठी, प्रो. संगीता जैन, प्रो. संजीव टोकेकर, सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के डॉ. गोविंद माहेश्वरी, डॉ. सुरेश पाटीदार, अवनीश व्यास व निशिकांत वायकर ने रिपोर्ट जारी की।

चौंकाने वाली बात यह कि ढाई लाख पैकेज की 125 नौकरी छात्रों ने ठुकराई

ऐसे समझिए प्लेसमेंट को

- सेंट्रल प्लेसमेंट में शामिल होते ही स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, कम्प्यूटर साइंस व डेटा साइंस का प्लेसमेंट दोगुना हो गया।
- 125 छात्रों ने तीन कंपनियों के ढाई लाख सालाना पैकेज के 125 जॉब ऑफर ठुकरा दिए।
- मैनेजमेंट में कुल 71 और इंजीनियरिंग में 79 कंपनियां आईं।

सर्विस सेक्टर क्यों रहा आगे?

मैनेजमेंट में किस सेक्टर में कितने जॉब



कम्प्यूटर साइंस में भी सर्विस सेक्टर छाया

- सर्विस सेक्टर 43 फीसदी
- प्रोडक्टर कंपनी 24 फीसदी
- बिजनेस एनालिसिस प्रोफाइल

कुलपति-रजिस्ट्रार ने भी भेजी कंपनियां

पहला मौका था जब कुलपति व रजिस्ट्रार ने भी अपनी तरफ से कंपनियों को एप्रोच किया। आईआईपीएस के डायरेक्टर प्रो. त्रिपाठी ने भी कंपनियों से चर्चा कर प्लेसमेंट के लिए बुलाया। कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि अगली बार सारे टीचिंग विभाग इसका हिस्सा बनेंगे। हर उस छात्र को जॉब दिलवाने का प्रयास करेंगे, जो रजिस्ट्रेशन करवाएगा।

स्टार्टअप पॉलिसी बनेगी, आधा दर्जन ने शुरू किया

रजिस्ट्रार अनिल शर्मा ने कहा कि हम जल्द स्टार्टअप पॉलिसी बनाएंगे। इसके लिए कमेटी भी बना दी गई है। बीते सत्र में भी आधा दर्जन छात्रों ने स्टार्टअप शुरू किए। दो छात्रों को शासन के निर्देश पर 1-1 लाख रुपए का अनुदान भी दिलवाया।

आईईटी की जमीन पर डीएवीवी का नया आईटी पार्क

इधर, कुलपति ने कहा कि डीएवीवी का नया आईटी पार्क आईईटी की जमीन पर बनेगा। आईईटी खंडवा रोड पर यूनिवर्सिटी का ही टीचिंग विभाग है।

गेट में भी गए डीएवीवी के छात्र, पांच का चयन

प्लेसमेंट सेल की तरफ से जानकारी दी गई कि कुछ समय पहले गेट रिजल्ट में डीएवीवी के 5 छात्रों ने टॉप रैंक पाई। इसमें एक छात्र शशांक की नौवीं रैंक रही। अमन जैन की 13वीं रैंक रही। निषित नीमा को 37 और तन्मय तिवारी को 56वीं ऑल इंडिया रैंक मिली। राहुल साहू को 400वीं रैंक मिली। वहीं कैट में भी संजीव कश्यप, अनुज खंडेलवाल और श्रेयस अग्रवाल का चयन हुआ।